ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 22-09-2023

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-09-22 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-09-23	2023-09-24	2023-09-25	2023-09-26	2023-09-27
वर्षा (मिमी)	3.0	1.0	1.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	35.0	36.0	35.0	36.0	36.0
न्यूनतम तापमान(से.)	27.0	27.0	26.0	27.0	27.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	67	71	69	54	50
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	42	44	36	30	30
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	19	18	11	5	7
पवन दिशा (डिग्री)	218	218	215	224	322
क्लाउड कवर (ओक्टा)	4	5	1	0	1

मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले दिनों में आसमान में बादल छाए रहने तथा कहीं कहीं पर हल्की बारिश होने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

वर्षा की सम्भावना को देखते हुए खेत में कटाई की हुई फसल को ढेर बनाकर प्लास्टिक से ढक कर रखें। खडी फसल में किसी भी प्रकार के कृषि रसायन का पर्णीय छिडकाव स्थगित करें।

लघु संदेश सलाहकार:

23 से 26 सितम्बर तक हल्की वर्षा होने की सम्भावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मूँग	मूंग की फसल अभी पकाव की ओर अग्रसर है अतः उचित कायिक पकाव पर कटाई कर सुरक्षित स्थान पर भंडारित करे। खेत में कटाई की हुई फसल को ढेर बनाकर प्लास्टिक से ढक कर रखें।
बाजरा	बाजरा की कटाई की हुई फसल को सुरक्षित स्थान पर भंडारित करें या खेत में ढेर बनाकर पालीथीन से ढक कर रखें।
कपास	देशी कपास में फूल व टिण्डे गिरने की समस्या से बचाने के लिए एसीमोन @ 2.5 मिलीलीटर प्रति 100

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
	लीटर पानी में घोल बनाकर पहला छिड़काव कलियां बनते समय व दूसरा टिण्डों के बनते ही करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	बदलते मौसम में पशुओं में खुरपका-मुंहपका रोग के फैलने की संभावना रहती है। रोग के लक्षण दिखाई देने पर पशुचिकित्सक से सम्पर्क करें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	सौफ की बुवाई का समय मध्य सितम्बर से मध्य अक्टूबर तक है। आर.एफ-125, आर.एफ-143, आर.एफ-101 उन्नत किस्मों की बुवाई करें। बीज दर 8-10 किलो प्रति हैक्टेयर रखें। 30 किलो नत्रजन व 40 किलो फास्फोरस प्रति हैक्टेयर की दर से अन्तिम जुताई के समय दें।
सामान्य सलाह	तारामीरा की बुवाई का उचित समय 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक है अतः खाली खेत में उचित नमी की अवस्था में तारामीरा की बुवाई हेतू बीज की व्यवस्था करें तथा उन्नत किस्म जैसे आर.टी.एम.-314 बुवाई के लिए उपयुक्त है। एक हैक्टेयर के लिए 5 किलो बीज पर्याप्त होता है।